पेपर सील खोले बगैर इस तरफ से उत्तर शीट को बाहर निकालें ।

**Without opening the Paper seal take out Answer Sheet from this side.**

**परीक्षा का वर्ष : 2024**

# DSE

**प्रश्न-पुस्तिका**

अपना अनुक्रमांक सामने अंकों में बॉक्स के अन्दर लिखें

शब्दों में

**प्रश्न-पुस्तिका शृंखला**

**A**

## सामान्य ज्ञान, सामान्य अध्ययन, सामान्य हिन्दी और विषय आधारित

## General Knowledge, General Studies, General Hindi and Subject Based

**समय : 02:00 घंटे** — **Time : 02:00 Hours**

**पूर्णांक : 100** — **Maximum Marks : 100**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।**

### महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अनुक्रमांक के अतिरिक्त कुछ न लिखें ।
2. **यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक त्रुटि हो तो प्रश्न के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा ।**
3. **सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।**
4. **अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक, विषय-कोड एवं प्रश्न-पुस्तिका की सीरीज का अंकन OMR Answer Sheet में निर्दिष्ट कॉलम में सही-सही करें, अन्यथा उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जायेगा ।**
5. **अभ्यर्थी रफ कार्य हेतु प्रश्न-पुस्तिका (बुकलेट) के अन्त में दिये गये पृष्ठों का ही केवल उपयोग करें । अलग से इस हेतु वर्किंग शीट उपलब्ध नहीं करायी जायेगी । अभ्यर्थी प्रश्न-पुस्तिका के अंदर रफ कार्य के अतिरिक्त कुछ भी न लिखें ।**
6. इस प्रश्न-पुस्तिका में **100 प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रकार)** हैं, जिसमें भाग-**1** **(सामान्य ज्ञान, सामान्य अध्ययन और सामान्य हिन्दी)** में **50** प्रश्न तथा भाग-**2** **(विषय आधारित)** में **50** प्रश्न दिये गये हैं । प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर, प्रश्न के नीचे (a), (b), (c) एवं (d) दिये गये हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. आंसर शीट) में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा काला/नीला कर दें ।**
7. प्रश्न-पुस्तिका में अंकित सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और प्रत्येक प्रश्न के समान अंक हैं । आपके जितने उत्तर सही होंगे उन्हीं के अनुसार अंक दिये जायेंगे ।
8. आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली वस्तुनिष्ठ प्रकृति की परीक्षाओं में ऋणात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) पद्धति अपनायी जायेगी । अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु दिए गए गलत उत्तर के लिए या अभ्यर्थी द्वारा एक प्रश्न के एक से अधिक उत्तर देने के लिए (चाहे दिए गए उत्तर में से एक सही ही क्यों न हो), उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों का **एक-चौथाई अंक** दण्ड के रूप में काटा जाएगा । दण्ड स्वरूप प्राप्त अंकों के योग को कुल प्राप्तांक में से घटाया जाएगा ।
9. अपने उत्तर आपको अलग से दिये गये ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में अंकित करने हैं । **आपके द्वारा सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिया जाना अनिवार्य है ।** ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के अतिरिक्त अन्य कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा ।
10. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर कुछ लिखने के पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में वांछित सूचनाओं को अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व भरा जाना अनिवार्य है ।
11. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक तीन प्रतियों (मूल प्रति, कार्यालय प्रति एवं अभ्यर्थी प्रति) में है । परीक्षा समाप्ति के उपरान्त अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की मूल प्रति एवं कार्यालय प्रति अन्तरीक्षक (Invigilator) को वापस लौटा दें, अन्यथा की स्थिति में आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की अभ्यर्थी प्रति, अभ्यर्थी अपने साथ ले जा सकते हैं ।**
12. यदि आपने इन अनुदेशों को पढ़ लिया है, इस पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अंकित कर दिया है और ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर वांछित सूचनायें भर दी हैं, तो तब तक प्रतीक्षा करें, जब तक आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाता ।
13. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) का मूल्यांकन ओ.एम.आर. आंसर शीट पर अभ्यर्थी द्वारा अंकित सीरीज कोड (A, B, C, D) के आधार पर ही किया जायेगा ।
14. प्रश्न-पुस्तिका (Question Booklet) में से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) निकालने के पश्चात् ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका क्रमांक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरीज कोड (A, B, C, D) की प्रविष्टि सावधानीपूर्वक करें । यदि उक्तानुसार कार्यवाही नहीं की जाती है, तो उसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा ।

**जब तक न कहा जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।**

महत्त्वपूर्ण : **प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर तुरन्त जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका सीलबंद न हो अथवा कोई अन्य कमी हो, तो अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।**

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह

## Part-1/भाग-1

### General Knowledge, General Studies and General Hindi/सामान्य ज्ञान, सामान्य अध्ययन और सामान्य हिन्दी

**1.** 'किस–किस का नाम सूची में है ?' – इस वाक्य में सर्वनाम के किस भेद का प्रयोग हुआ है ?

(a) निजवाचक सर्वनाम
(b) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(c) सम्बन्धवाचक सर्वनाम
(d) निश्चयवाचक सर्वनाम

**2.** निम्नलिखित में से कौन सा एक तत्सम शब्द है ?

(a) मयंक
(b) केंचुली
(c) उच्च
(d) कपूर

**3.** 'जानकी' शब्द में कौन सा प्रत्यय है ?

(a) की
(b) ई
(c) ईय
(d) इ

**4.** निम्नलिखित में से किस शब्द का सन्धि–विच्छेद अशुद्ध है ?

(a) अब्धि – अब् + धि
(b) अजन्त – अच् + अन्त
(c) स्वर्ग – स्वः + ग
(d) यशोदा – यशः + दा

**5.** निम्नलिखित में से कौन सा एक शब्द 'विपिन' का पर्यायवाची शब्द है ?

(a) पुष्प
(b) कान्तार
(c) वृक्ष
(d) शाखा

**6.** निम्नलिखित में से कौन सा एक शब्द 'तामसिक' का विलोम शब्द है ?

(a) आस्तिक
(b) सात्त्विक
(c) नास्तिक
(d) पाक्षिक

**7.** 'जो इन्द्रियों की पहुँच से बाहर हो' – इस वाक्यांश के लिए एक शब्द निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(a) जितेन्द्रिय
(b) अतीन्द्रिय
(c) ऐन्द्रिक
(d) अप्रमेय

**8.** 'अंधे की लाठी' मुहावरे का सही अर्थ है –

(a) अंधा होना
(b) लाठी लेकर चलना
(c) आँखें कमज़ोर होना
(d) एकमात्र सहारा

**9.** उच्चारण–स्थान के आधार पर 'फ' ध्वनि निम्नलिखित में से किस वर्ग के अन्तर्गत आती है ?

(a) जिह्वामूलीय
(b) द्वयोष्ठ्य
(c) दंत्य
(d) तालव्य

**10.** निम्नलिखित में से पार्श्विक ध्वनि कौन सी है ?

(a) य
(b) र
(c) ल
(d) व

**11.** Who was the first Chairman of the First Administrative Reforms Commission constituted in 1966 ?

(a) Dr. V.P. Rajamannar (b) K. Hanumanthaiah

(c) M.C. Setalwad (d) Morarji Desai

**12.** Which of the following Articles of the Indian Constitution vests the State Election Commission with the power of superintendence, direction, control and the conduct of all elections to the Panchayats ?

(a) Article 243 D (b) Article 243 J (c) Article 243 I (d) Article 243 K

**13.** In which of the following matters does Rajya Sabha has equal powers with Lok Sabha ?

(a) Creation of new All India Services (b) Amendment in the Constitution

(c) Removal of Government (d) Making Cut-Motions

**14.** Which one of the following neighbouring countries shares its maximum border with India ?

(a) Nepal (b) China (c) Bangladesh (d) Bhutan

**15.** Centre for Social Forestry and Environment is located at :

(a) Dehradun (b) Bengaluru (c) Allahabad (d) Jabalpur

**16.** Which of the following is largest producer of thermal electricity ?

(a) Madhya Pradesh (b) Rajasthan

(c) Uttar Pradesh (d) Maharashtra

**17.** Which one of the following is the longest Glacier in India ?

(a) Gangotri (b) Hispar (c) Siachen (d) Biafo

**18.** Who among the following is appointed Brand Ambassador of 'Beti Bachao, Beti Padhao' campaign of Uttarakhand government ?

(a) Ekta Bisht (b) Anukriti Gusain

(c) Rajni Dhami (d) Vandana Kataria

11. निम्नलिखित में से कौन 1966 में गठित प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग के प्रथम अध्यक्ष थे ?

(a) डॉ. वी.पी. राजमन्नार
(b) के. हनुमंथैया
(c) एम.सी. सीतलवाड़
(d) मोरारजी देसाई

12. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद राज्य चुनाव आयोग को पंचायतों के सभी चुनावों के अधीक्षण, निर्देशन, नियंत्रण तथा संचालन की शक्ति प्रदान करता है ?

(a) अनुच्छेद 243 D
(b) अनुच्छेद 243 J
(c) अनुच्छेद 243 I
(d) अनुच्छेद 243 K

13. निम्नलिखित में से किस मामले में राज्यसभा को लोकसभा के समान शक्तियाँ प्राप्त हैं ?

(a) नई अखिल भारतीय सेवाओं का सर्जन
(b) संविधान में संशोधन करना
(c) सरकार को हटाना
(d) कटौती–प्रस्ताव करना

14. भारत के साथ निम्नलिखित पड़ोसी देशों में से कौन अपनी सबसे अधिक सीमा साझा करता है ?

(a) नेपाल
(b) चीन
(c) बांग्लादेश
(d) भूटान

15. सामाजिक वानिकी एवं पर्यावरण केन्द्र स्थित है :

(a) देहरादून में
(b) बेंगलुरु में
(c) इलाहाबाद में
(d) जबलपुर में

16. निम्न में से कौन सर्वाधिक ताप विद्युत का उत्पादक है ?

(a) मध्य प्रदेश
(b) राजस्थान
(c) उत्तर प्रदेश
(d) महाराष्ट्र

17. निम्नलिखित में से कौन सा हिमनद भारत में सबसे लम्बा है ?

(a) गंगोत्री
(b) हिस्पार
(c) सियाचिन
(d) बियाफो

18. उत्तराखंड सरकार द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान का ब्रांड अम्बेसेडर निम्न में से किसे नियुक्त किया गया है ?

(a) एकता बिष्ट
(b) अनुकृति गुसाईं
(c) रजनी धामी
(d) वन्दना कटारिया

**19.** Swadesh Darshan Yojana-2.0 includes which of the following two districts of Uttarakhand state ?

(a) Nainital and Haldwani
(b) Champawat and Pithoragarh
(c) Dehradun and Rudrapur
(d) Haridwar and Paudi

**20.** During Arogya Manthan Programme 2023, organised at New Delhi, which among the following Indian States won the award in the category of "Highest Ayushman Card Creation" ?

(a) Sikkim, Rajasthan and Kerala
(b) Karnataka, Goa and Bihar
(c) Odisha, Jharkhand and Punjab
(d) Assam, Nagaland and Jammu & Kashmir

**21.** As per the India Ageing Report-2023, released by the United Nations Population Fund, in September 2023, what of the following percentage of India's population is expected to be elderly by 2050 ?

(a) More than 25 percent
(b) More than 20 percent
(c) More than 30 percent
(d) More than 27 percent

**22.** Which of the following countries is developing world's most powerful laser called VULCAN 20-20 ?

(a) South Korea
(b) United States of America
(c) Taiwan
(d) United Kingdom

**23.** Which queen of Garhwal became famous as 'Nakkatti Rani' ?

(a) Rani Durgawati
(b) Rani Padmavati
(c) Rani Lilawati
(d) Rani Karnawati

**24.** Which Chand ruler had started silk production ?

(a) Atmchand (b) Poornachand (c) Sansar Chand (d) Indra Chand

**25.** Rawai episode was an important event occured during the reign of which ruler of Tehri Kingdom ?

(a) Pratap Shah (b) Kirti Shah (c) Manvendra Shah (d) Narendra Shah

**19.** स्वदेश दर्शन योजना – 2.0 में उत्तराखंड राज्य के निम्न में से किन दो जिलों को शामिल किया गया है ?

(a) नैनीताल और हल्द्वानी
(b) चंपावत और पिथौरागढ़
(c) देहरादून और रुद्रपुर
(d) हरिद्वार और पौड़ी

**20.** नई दिल्ली में आयोजित आरोग्य मंथन – 2023 कार्यक्रम के दौरान निम्न में से किन राज्यों ने सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड निर्माण श्रेणी में पुरस्कार जीता ?

(a) सिक्किम, राजस्थान तथा केरल
(b) कर्नाटक, गोवा तथा बिहार
(c) ओडिशा, झारखंड तथा पंजाब
(d) असम, नागालैंड तथा जम्मू एवं कश्मीर

**21.** सितम्बर 2023 में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा जारी किये गये इंडिया एजिंग रिपोर्ट – 2023 के अनुसार, वर्ष 2050 तक भारत की निम्न में से कितनी प्रतिशत जनसंख्या के बुजुर्ग होने की संभावना है ?

(a) 25 प्रतिशत से अधिक
(b) 20 प्रतिशत से अधिक
(c) 30 प्रतिशत से अधिक
(d) 27 प्रतिशत से अधिक

**22.** निम्न में से कौन सा देश विश्व का सर्वाधिक शक्तिशाली लेज़र 'वल्कन 20-20' विकसित कर रहा है ?

(a) दक्षिण कोरिया
(b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) ताइवान
(d) यूनाइटेड किंगडम

**23.** 'नाक कट्टी रानी' के रूप में गढ़वाल की कौन सी रानी प्रसिद्ध हुई है ?

(a) रानी दुर्गावती
(b) रानी पद्मावती
(c) रानी लीलावती
(d) रानी कर्णावती

**24.** किस चन्द कालीन शासक ने रेशम उत्पादन का कार्य प्रारम्भ किया ?

(a) आत्मचंद
(b) पूर्णचंद
(c) संसारचंद
(d) इन्द्रचंद

**25.** रवाई काण्ड टिहरी रियासत के किस शासक के काल की प्रमुख घटना थी ?

(a) प्रताप शाह
(b) कीर्ति शाह
(c) मानवेन्द्र शाह
(d) नरेन्द्र शाह

**26.** At which place did Chand ruler Rudrachand meet Akbar personally in 1588 ?

(a) Agra (b) Delhi (c) Ajmer (d) Lahore

**27.** Which one among the following is not a love story of Uttarakhand ?

(a) Haruheet (b) Motiya Sen (c) Rami Borani (d) Garh Sumyal

**28.** Who is the writer of the book 'Rock Art in Kumaun Himalaya' ?

(a) Shiv Prasad Dabral (b) Yasodhar Mathpal

(c) Brijwasi Lal (d) None of the above

**29.** 'Lohsar' festival is celebrated by the Zad tribe of Uttrakhand on the day of –

(a) Basant Panchami (b) Diwali

(c) Holi (d) Dusshera

**30.** Which of the following districts has the lowest literacy rate as per Census, 2011 ?

(a) Tehri Garhwal (b) Udham Singh Nagar

(c) Uttarkashi (d) Bageshwar

**31.** On which of the following rivers Koteshwar Dam is constructed ?

(a) Alaknanda (b) Mandakini (c) Pinder (d) Bhagirathi

**32.** Which districts of Uttarakhand recorded negative population growth during 2001-2011 ?

(a) Pauri Garhwal and Almora districts (b) Pauri Garhwal and Tehri Garhwal districts

(c) Almora and Tehri Garhwal districts (d) Almora and Bageshwar districts

**33.** Mukhyamantri Mahalaxmi Yojana of Uttarakhand is related to :

(a) Livelihood of women (b) Girls' scholarship

(c) Safe motherhood (d) Women hostel

**34.** Uttarakhand has allocated the percentage share of its total expenditure on education in 2023-24 is –

(a) 14.1 percent (b) 16.6 percent (c) 17.5 percent (d) None of these

**26.** किस स्थान पर अकबर से चन्द राजा रुद्रचन्द ने 1588 में व्यक्तिगत रूप से भेंट की थी ?

(a) आगरा (b) दिल्ली (c) अजमेर (d) लाहौर

**27.** निम्न में से कौन उत्तराखण्ड की प्रणय गाथा नहीं है ?

(a) हरुहीत (b) मोतिया सेन (c) रामी बौराणी (d) गढ़ सुम्याल

**28.** 'रॉक आर्ट इन कुमाऊँ हिमालय' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(a) शिव प्रसाद डबराल (b) यशोधर मठपाल

(c) ब्रजवासी लाल (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**29.** उत्तराखण्ड की जाड़ जनजाति द्वारा 'लोहसर' त्योहार मनाया जाता है–

(a) बसन्त पंचमी के दिन (b) दिवाली के दिन

(c) होली के दिन (d) दशहरा के दिन

**30.** जनगणना, 2011 के अनुसार, निम्न में से किस जनपद में सबसे कम साक्षरता दर है ?

(a) टिहरी गढ़वाल (b) उधमसिंह नगर

(c) उत्तरकाशी (d) बागेश्वर

**31.** निम्न में से किस नदी पर कोटेश्वर बाँध निर्मित है ?

(a) अलकनन्दा (b) मंदाकिनी (c) पिण्डर (d) भागीरथी

**32.** उत्तराखण्ड के किन जनपदों में 2001-2011 के दौरान ऋणात्मक जनसंख्या वृद्धि दर्ज की गई ?

(a) पौड़ी गढ़वाल और अल्मोड़ा जनपदों में (b) पौड़ी गढ़वाल और टिहरी गढ़वाल जनपदों में

(c) अल्मोड़ा और टिहरी गढ़वाल जनपदों में (d) अल्मोड़ा और बागेश्वर जनपदों में

**33.** उत्तराखंड में मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना संबंधित है :

(a) महिलाओं की आजीविका से (b) बालिकाओं की छात्रवृत्ति से

(c) सुरक्षित मातृत्व से (d) महिला छात्रावास से

**34.** उत्तराखंड ने 2023-24 में अपने कुल व्यय का कितना प्रतिशत शिक्षा के लिए आबंटित किया है ?

(a) 14.1 प्रतिशत (b) 16.6 प्रतिशत (c) 17.5 प्रतिशत (d) इनमें से कोई नहीं

**35.** Which one of the following tribes is socially and educationally the most backward tribe of Uttarakhand ?

(a) Bhotia (b) Jaunsari (c) Tharu (d) Raji

**36.** When was 'Mera Gaon, Mera Dhan' Yojana launched in Uttarakhand ?

(a) 2012 (b) 2013 (c) 2014 (d) 2016

**37.** Which of the conclusions logically follows from the statements given below :

**Statements :** Some kings are queens.

All queens are beautiful.

**Conclusions :** **I.** All kings are beautiful.

**II.** All queens are kings.

(a) Only Conclusion I follows.
(b) Only Conclusion II follows.
(c) Both Conclusions I and II follow.
(d) Neither Conclusion I nor II follows.

**38.** Which number is not related in the following number series ?

2, 8, 20, 44, 92, 184, 380

(a) 44 (b) 92 (c) 184 (d) 380

**39.** The following numbers are given :

517, 325, 639, 841, 792

These numbers are arranged in descending order after reversing the positions of the digits within each number. Which digit of the third number from the top will be at the unit place ?

(a) 2 (b) 3 (c) 5 (d) 7

**40.** In a class of 60 students, where girls are twice as that of boys, Kamal ranked seventeenth from the top. If there are nine girls ahead of Kamal, how many boys are after Kamal in rank ?

(a) 3 (b) 7 (c) 12 (d) 13

**41.** Pointing to a man, a woman said, "His mother is the only daughter of my mother". How is the woman related to man ?

(a) Mother (b) Daughter (c) Sister (d) Grandmother

**35.** निम्नलिखित में से कौन सी एक जनजाति सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से उत्तराखण्ड की एक सबसे पिछड़ी जनजाति है ?

(a) भोटिया (b) जौनसारी (c) थारू (d) राजी

**36.** उत्तराखंड में 'मेरा गाँव, मेरा धन' योजना की शुरूआत कब की गई ?

(a) 2012 (b) 2013 (c) 2014 (d) 2016

**37.** नीचे दिए गये कथनों से तार्किक रूप से कौन सा निष्कर्ष निकलता है :

**कथन :** कुछ राजा, रानियाँ हैं ।
सभी रानियाँ सुन्दर हैं ।

**निष्कर्ष :** **I.** सभी राजा सुन्दर हैं ।
**II.** सभी रानियाँ, राजा हैं ।

(a) केवल निष्कर्ष I निकलता है ।
(b) केवल निष्कर्ष II निकलता है ।
(c) दोनों निष्कर्ष I व II निकलते हैं ।
(d) न निष्कर्ष I न ही निष्कर्ष II निकलता है ।

**38.** नीचे दी गई संख्या शृंखला में, कौन सी संख्या सम्बन्धित नहीं है ?

2, 8, 20, 44, 92, 184, 380

(a) 44 (b) 92 (c) 184 (d) 380

**39.** नीचे कुछ संख्याएँ दी गई हैं :

517, 325, 639, 841, 792

प्रत्येक संख्या के अंकों का स्थान उल्टा करने के बाद प्राप्त संख्याओं को अवरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर ऊपर से तीसरी संख्या का इकाई का अंक क्या होगा ?

(a) 2 (b) 3 (c) 5 (d) 7

**40.** 60 विद्यार्थियों की एक कक्षा में, जहाँ लड़कियों की संख्या लड़कों की संख्या से दोगुनी है, कमल का स्थान ऊपर से सत्रहवाँ है । यदि नौ लड़कियाँ कमल से आगे हैं, तो कमल के बाद कितने लड़के हैं ?

(a) 3 (b) 7 (c) 12 (d) 13

**41.** किसी पुरुष की ओर इशारा करते हुए, एक महिला कहती है, "उसकी माँ, मेरी माँ की इकलौती पुत्री है ।" महिला, पुरुष से किस प्रकार सम्बन्धित है ?

(a) माँ (b) पुत्री (c) बहन (d) दादी

**42.** Which of the following is not a second generation computer language ?

(a) FORTRAN (b) ALGOL (c) C# (d) COBOL

**43.** The thickness of thin wire can be measured by

(a) Vernier Callipers (b) Screw Gauge

(c) Resonance tube (d) Spherometer

**44.** Human skull is composed of how many bones ?

(a) 08 Bones (b) 14 Bones (c) 22 Bones (d) 24 Bones

**45.** Raisins put in water, swell up after sometime due to which process ?

(a) Diffusion (b) Endosmosis (c) Exosmosis (d) Imbibition

**46.** How many types of slaves have been mentioned by Kautilya during the Mauryan period ?

(a) 4 (b) 7 (c) 9 (d) 10

**47.** In Mughal period 'Mujarian' word was used for –

(a) Farmers (b) Slaves (c) Spies (d) Traders

**48.** Which of the following had been called as the 'Nursery of Bengal Army' ?

(a) Murshidabad (b) Munger (c) Delhi (d) Awadh

**49.** Who among the following had invited the delegates of the Calcutta session of the Congress in a garden party ?

(a) Hume (b) Minto (c) Dufferin (d) Chelmsford

**50.** Who among the following has the credit for producing the first draft of the Constitution for the consideration of the Drafting Committee ?

(a) Dr. B.R. Ambedkar (b) B.N. Rau

(c) H.V. Kamath (d) K.M. Munshi

**42.** निम्नलिखित में से कौन सी दूसरी पीढ़ी की कम्प्यूटर भाषा नहीं है ?

(a) फोरट्रॉन (b) एलगोल (c) सी# (d) कोबोल

**43.** एक पतले तार की मोटाई किसके द्वारा मापी जा सकती है ?

(a) वर्नियर कैलिपर्स से (b) पेंच मापी से

(c) अनुनाद नली से (d) स्फेरोमीटर से

**44.** मानव खोपड़ी कितनी हड्डियों से बनी होती है ?

(a) 08 हड्डियों से (b) 14 हड्डियों से (c) 22 हड्डियों से (d) 24 हड्डियों से

**45.** किशमिशों को पानी में रखने पर कुछ समय में फूल जाती हैं, यह प्रक्रिया कौन सी है ?

(a) विसरण (b) अन्त:परासरण (c) बहिःपरासरण (d) अन्त:शोषण

**46.** कौटिल्य ने मौर्यकाल में कितने प्रकार के दासों का वर्णन किया है ?

(a) 4 (b) 7 (c) 9 (d) 10

**47.** मुगलकाल में 'मुजरियान' शब्द का प्रयोग हुआ है –

(a) कृषकों के लिये (b) दासों के लिये (c) गुप्तचरों के लिये (d) व्यापारियों के लिये

**48.** निम्न में से किसे 'बंगाल आर्मी की पौधशाला' कहा जाता था ?

(a) मुर्शिदाबाद (b) मुँगेर (c) दिल्ली (d) अवध

**49.** निम्नलिखित में से किसने कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन के प्रतिनिधियों को एक उद्यान भोज में आमंत्रित किया था ?

(a) ह्यूम (b) मिन्टो (c) डफरिन (d) चेम्सफोर्ड

**50.** प्रारूप समिति के विचारार्थ संविधान का प्रथम प्रारूप प्रस्तुत करने का श्रेय निम्नलिखित में से किसे प्राप्त है ?

(a) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर (b) बी.एन. राव

(c) एच.वी. कामथ (d) के.एम. मुंशी

## Part-2
## Subject Based

**51.** Which of the following method is used for milking of animals with small teats ?
(a) Knuckling (b) Stripping (c) Fisting (d) None of these

**52.** Indian breeds of cattle in comparision to exotic breeds of cattle have
(a) more tolerance for diseases. (b) more tolerance for heat bearing.
(c) less milk production. (d) All of the above

**53.** Embryo transfer technology is not routine breeding technique due to following reason :
(a) Highly expensive (b) More labourious
(c) Involves many steps (d) All of the above

**54.** Which of the following is not a rapid platform test for raw milk ?
(a) Specific gravity (b) Clot on boiling
(c) Standard Plate Counts (d) Titrable acidity

**55.** Total digestible nutrients in maize grains are
(a) 35 percent (b) 50 percent (c) 62 percent (d) 85 percent

**56.** Transport of milk depends on which ?
(a) Amount of milk (b) Distance of collection
(c) Local conditions (d) All of the above

**57.** Which of the following is post-parturient disease of cattle ?
(a) Milk Fever (b) Ketosis (c) Both of these (d) None of these

**58.** Which stage is of the shortest duration in oestrus cycle of cow ?
(a) Pro-oestrus (b) Oestrus (c) Metestrus (d) Diestrous

**59.** In computation of ration for cattle, proportion of roughage and concentrate for dry matter allowance should be
(a) $\frac{1}{2}$ roughage & $\frac{1}{2}$ concentrate (b) $\frac{1}{4}$ roughage & $\frac{3}{4}$ concentrate
(c) $\frac{2}{3}$ roughage & $\frac{1}{3}$ concentrate (d) $\frac{3}{4}$ roughage & $\frac{1}{4}$ concentrate

## भाग-2

## विषय आधारित

**51.** निम्न में से दुग्ध दोहन की कौन सी विधि छोटे थन वाले पशुओं में प्रयोग में लाई जाती है ?

(a) अंगूठा दबाकर दोहन
(b) चुटकी द्वारा दोहन
(c) मुट्ठी द्वारा दोहन
(d) इनमें से कोई नहीं

**52.** भारतीय नस्ल की गायों में विदेशी नस्ल की गायों की तुलना में

(a) बीमारी सहन करने की क्षमता अधिक है ।
(b) गर्मी सहन करने की क्षमता अधिक है ।
(c) दुग्ध उत्पादकता कम है ।
(d) उपरोक्त सभी

**53.** भ्रूण स्थानान्तरण तकनीक प्रजनन हेतु सामान्यत: प्रयुक्त न होने का कारण है

(a) अत्यन्त महँगा होना
(b) अधिक श्रम की आवश्यकता
(c) कई चरणों में होना
(d) उपरोक्त सभी

**54.** निम्न में से कौन सा कच्चे दूध पर किया जाने वाला रैपिड प्लेटफार्म परीक्षण नहीं है ?

(a) आपेक्षिक घनत्व
(b) उबालने पर थक्का जमना
(c) मानक प्लेट गणना
(d) अनुमापन योग्य अम्लता

**55.** मक्का के दानों में कुल पचनीय पोषण कितना होता है ?

(a) 35 प्रतिशत
(b) 50 प्रतिशत
(c) 62 प्रतिशत
(d) 85 प्रतिशत

**56.** दूध का परिवहन किन पर निर्भर करता है ?

(a) दूध की मात्रा पर
(b) एकत्रण की दूरी पर
(c) स्थानीय परिस्थितियों पर
(d) उपरोक्त सभी

**57.** निम्न में से प्रसव के बाद गायों में होने वाली बीमारी कौन सी है ?

(a) दुग्ध ज्वर
(b) कीटोसिस
(c) यह दोनों
(d) इनमें से कोई नहीं

**58.** गायों के मदचक्र की विभिन्न अवस्थाओं में सबसे कम अवधि किसकी होती है ?

(a) पूर्व–मदकाल
(b) मदकाल
(c) अन्त मदकाल
(d) पश्च मदकाल

**59.** गौ पशुओं के राशन की गणना में शुष्क द्रव्य हेतु चारे एवं दाने का अनुपात क्या होना चाहिये ?

(a) $\frac{1}{2}$ चारा और $\frac{1}{2}$ दाना
(b) $\frac{1}{4}$ चारा और $\frac{3}{4}$ दाना
(c) $\frac{2}{3}$ चारा और $\frac{1}{3}$ दाना
(d) $\frac{3}{4}$ चारा और $\frac{1}{4}$ दाना

**60.** Calf is fed colostrum at the rate of

(a) $\frac{1}{10}^{th}$ of body weight (b) $\frac{1}{15}^{th}$ of body weight

(c) $\frac{1}{20}^{th}$ of body weight (d) $\frac{1}{25}^{th}$ of body weight

**61.** Indian Grassland and Fodder Research Institute is located at which city ?

(a) Hissar (b) Mathura (c) Bareilly (d) Jhansi

**62.** India is free from which animal disease ?

(a) Rabies (b) Anthrax (c) Rinder pest (d) Tuberculosis

**63.** Which of the following chemicals is used for chemical dehorning in calves ?

(a) Sodium chloride (b) Sodium nitrite

(c) Caustic potash (d) Calcium chloride

**64.** Which of the following milk product needs maximum amount of milk for its production ?

(a) Paneer (b) Ghee (c) Curd (d) Ice-cream

**65.** Which of the following is considered as milch breed of Indian cattle ?

(a) Gir (b) Kankrej (c) Kangayam (d) None of these

**66.** How much additional amount of concentrate ration is required for every 2.5 kg of milk in Zebu cattle ?

(a) 0.50 kg (b) 0.75 kg (c) 1.00 kg (d) 2.00 kg

**67.** The most common adulterant of milk is

(a) Vitamins (b) Minerals (c) Water (d) Urea

**68.** Which amongst the following is not a zoonotic disease ?

(a) Brucillosis (b) Rabies (c) Tuberculosis (d) Milk fever

**69.** Which amongst the following is not a breed of buffalo ?

(a) Murrah (b) Bhadawari (c) Jaffrabadi (d) Hallikar

**60.** बछड़े को किस अनुपात में खीस पिलाया जाता है ?

(a) शरीर भार का $\frac{1}{10}^{th}$ (b) शरीर भार का $\frac{1}{15}^{th}$

(c) शरीर भार का $\frac{1}{20}$ (d) शरीर भार का $\frac{1}{25}$

**61.** भारतीय घास एवं चारा अनुसंधान संस्थान किस शहर में स्थित है ?

(a) हिसार (b) मथुरा (c) बरेली (d) झाँसी

**62.** भारत कौन सी पशु बीमारी से मुक्त है ?

(a) रैबीज़ (b) एन्थ्रेक्स (c) रिण्डर पेस्ट (d) ट्यूबरकुलोसिस

**63.** निम्नलिखित रसायनों में से किस रसायन का प्रयोग बछड़ों में रासायनिक विधि द्वारा विशृंगीकरण में किया जाता है ?

(a) सोडियम क्लोराइड (b) सोडियम नाइट्राइट

(c) कास्टिक पोटाश (d) कैल्सियम क्लोराइड

**64.** निम्न में से किसके उत्पादन में दूध की सबसे ज्यादा मात्रा का उपयोग किया जाता है ?

(a) पनीर (b) घी (c) दही (d) आइसक्रीम

**65.** निम्नलिखित में से किसको भारतीय गाय की दुधारू प्रजाति माना जाता है ?

(a) गिर (b) कांकरेज (c) कंगायम (d) इनमें से कोई नहीं

**66.** जैबु कैटल (भारतीय गायों) में प्रत्येक 2.5 कि.ग्रा. दुग्ध उत्पादन के लिये कितनी मात्रा में अतिरिक्त सान्द्र आहार की आवश्यकता होती है ?

(a) 0.50 कि.ग्रा. (b) 0.75 कि.ग्रा. (c) 1.00 कि.ग्रा. (d) 2.00 कि.ग्रा.

**67.** दूध में मिलावट हेतु मिलाये जाने वाला सबसे प्रचलित पदार्थ क्या है ?

(a) विटामिन (b) मिनरल (c) पानी (d) यूरिया

**68.** निम्न में से कौन सी बीमारी जूनोटिक बीमारी नहीं है ?

(a) ब्रुसिलोसिस (b) रैबीज़

(c) ट्यूबरकुलोसिस (d) दुग्ध ज्वर

**69.** निम्न में से कौन सी भैंस की प्रजाति नहीं है ?

(a) मुर्रा (b) भदावरी (c) जाफराबादी (d) हल्लीकर

**70.** Starter ration contains _____ protein.

(a) mild (b) high (c) little (d) no

**71.** Which breed is a dual purpose breed of Indian cow ?

(a) Hariana (b) Sahiwal (c) Gir (d) Red Sindhi

**72.** Which of the following cultivated fodder is not a cereal ?

(a) Oat (b) Berseem (c) Bajra (d) Maize

**73.** Female sex hormone progesterone is secreted by which organ ?

(a) Endomatrium
(b) Cervix
(c) Corpus luteum of ovary
(d) Secondary ovarian follicle

**74.** The average volume of semen ejaculate in bull is about

(a) 0.6 ml (b) 6 ml (c) 60 ml (d) 160 ml

**75.** After pasteurization the milk is immediately cooled to

(a) Less than 10 ºC (b) 10 – 20 ºC (c) 20 – 30 ºC (d) 30 – 40 ºC

**76.** Equilibration of diluted semen is carried out at which temp. ?

(a) 0 ºC (b) 5 ºC (c) 10 ºC (d) 15 ºC

**77.** Lactose in milk is called

(a) Milk sugar (b) Milk protein (c) Milk lipid (d) Milk enzyme

**78.** Thiamine is the other name of _______.

(a) Vitmain-$B_6$ (b) Vitmain-$B_2$ (c) Vitmain-$B_{12}$ (d) Vitmain-$B_1$

**79.** The Zebu cattle is characterized by _______.

(a) large hump
(b) long face with upright horn & drooping ears
(c) slender legs and large dewlap
(d) All of the above

**70.** स्टार्टर राशन (खाद्य पदार्थ) में प्रोटीन होता है –

(a) कम (b) ज्यादा (c) थोड़ा (d) नहीं

**71.** भारतीय गाय की कौन सी नस्ल द्वीकाजी नस्ल है ?

(a) हरियाना (b) साहीवाल (c) गिर (d) रैड सिंधी

**72.** निम्न में से कौन सा उगाया जाने वाला चारा अनाज नहीं है ?

(a) जई (b) बरसीम (c) बाजरा (d) मक्का

**73.** मादा सेक्स हार्मोन प्रोजेस्टीरोन निम्न में से किसके द्वारा स्रावित किया जाता है ?

(a) एण्डोमेट्रियम
(b) सर्विक्स
(c) अण्डाशय के कोर्पस ल्युटियम से
(d) अण्डाशय के सेकन्ड्री फोलीकिल द्वारा

**74.** साँड़ में स्खलन के द्वारा प्राप्त वीर्य की औसत मात्रा कितनी होती है ?

(a) 0.6 मि.ली. (b) 6 मि.ली. (c) 60 मि.ली. (d) 160 मि.ली.

**75.** पाश्च्युराइजेशन के बाद दूध को तुरंत ठंडा किया जाता है

(a) 10 ºC से कम (b) 10 – 20 ºC (c) 20 – 30 ºC (d) 30 – 40 ºC

**76.** तनुकृत वीर्य का इक्यूलिब्रेशन निम्न तापमान पर किया जाता है :

(a) 0 ºC (b) 5 ºC (c) 10 ºC (d) 15 ºC

**77.** दुग्ध में लैक्टोस को क्या कहते हैं ?

(a) दुग्ध शर्करा (b) दुग्ध प्रोटीन (c) दुग्ध चर्बी (d) दुग्ध एन्ज़ाइम

**78.** थायामीन _______ का दूसरा नाम है ।

(a) विटामिन-बी$_6$ (b) विटामिन-बी$_2$ (c) विटामिन-बी$_{12}$ (d) विटामिन-बी$_1$

**79.** जेबू मवेशी गाय की विशेषता कौन सी है ?

(a) बड़ा कुबड़
(b) लंबा चेहरा, सीधे सींग और झुके हुए कान
(c) पतले पैर और गर्दन के नीचे ढीली त्वचा
(d) उपरोक्त सभी

**80.** The lactometer is used to detect

(a) Adulteration of milk with water

(b) Adulteration of ghee with vanaspati ghee

(c) Adulteration of milk with neutralizer

(d) Adulteration of milk with detergent

**81.** Gir is a breed of which animal ?

(a) Cow (b) Buffalo (c) Goat (d) Sheep

**82.** Which of the following hormone is secreted from pancreas ?

(a) Oxytocin (b) Insulin (c) Adrenaline (d) All of these

**83.** The average length of estrous cycle in cow is ________.

(a) 21 days (b) 16 days (c) 30 days (d) 11 days

**84.** The average length of gestation period in cow is _______.

(a) 336 days (b) 282 days (c) 316 days (d) 391 days

**85.** In which of the following animals stomach is divided into 4 compartments ?

(a) Cow (b) Horse (c) Dog (d) Pig

**86.** Fat content in butter is normally

(a) 81% (b) 20% (c) 99.8% (d) 31.2%

**87.** What is the brand name of dairy products of Uttrakhand Cooperative Dairy Federation ?

(a) Parag (b) Aanchal (c) Mother Dairy (d) Saras

**88.** Milk contains ______ percent of water.

(a) 84 – 86.4 (b) 60.02 (c) 50.65 (d) 92.86

**89.** Who was the father of white revolution in India ?

(a) Herbert Mayer (b) Verghese Kurien (c) Amrita Patel (d) M.S. Swaminathan

**90.** What is the best crop for silage making ?

(a) Maize (b) Cow-pea (c) Lucerne (d) All of these

**80.** लैक्टोमीटर का उपयोग निम्न में से किसका पता लगाने के लिए किया जाता है ?

(a) दुग्ध में पानी की मिलावट

(b) घी में वनस्पति घी की मिलावट

(c) दुग्ध में न्यूट्रालाइज़र की मिलावट

(d) दुग्ध में डिटर्जेंट की मिलावट

**81.** गिर किसकी नस्ल है ?

(a) गाय (b) भैंस (c) बकरी (d) भेड़

**82.** निम्नलिखित में से कौन सा हार्मोन अग्न्याशय (पेन्क्रियाज) से स्रावित होता है ?

(a) ऑक्सीटॉसिन (b) इन्सुलिन (c) ऐड्रिनलीन (d) यह सभी

**83.** गाय में मदचक्र की औसत लंबाई कितने दिन की होती है ?

(a) 21 दिन (b) 16 दिन (c) 30 दिन (d) 11 दिन

**84.** गाय में गर्भकाल की औसत अवधि कितनी होती है ?

(a) 336 दिन (b) 282 दिन (c) 316 दिन (d) 391 दिन

**85.** निम्न में से किस जानवर का पेट चार भागों में बँटा होता है ?

(a) गाय (b) घोड़ा (c) कुत्ता (d) सूअर

**86.** सामान्यत: मक्खन में वसा की मात्रा कितनी होती है ?

(a) 81 प्रतिशत (b) 20 प्रतिशत (c) 99.8 प्रतिशत (d) 31.2 प्रतिशत

**87.** उत्तराखण्ड को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के दुग्ध उत्पाद का ब्राण्ड नाम क्या है ?

(a) पराग (b) आँचल (c) मदर डेरी (d) सरस

**88.** दूध में कितने प्रतिशत पानी होता है ?

(a) 84 – 86.4 (b) 60.02 (c) 50.65 (d) 92.86

**89.** भारत में श्वेत क्रांति के पिता के रूप में किनको जाना जाता है ?

(a) हरबर्ट मेयर (b) वर्गीज़ कुरियन (c) अमृता पटेल (d) एम.एस. स्वामीनाथन

**90.** साइलेज बनाने के लिये सबसे उत्तम फसल कौन सी है ?

(a) मक्का (b) लोबिया (c) रिज़का (d) यह सभी

**91.** Which of the following is an accessory sex organ of male reproductive system ?

(a) Urethra (b) Penis (c) Prostate gland (d) Epididymis

**92.** In very good quality raw milk bacterial count per milli litre milk should be

(a) Not more than 2,00,000 (b) Between 2,00,000 to 10,00,000

(c) Between 10,00,000 to 50,00,000 (d) More than 50,00,000

**93.** Which breed of cow has tiny curled leaf like long pendulous ears ?

(a) Gir (b) Sahiwal (c) Tharparkar (d) Deoni

**94.** Average gestation period of Buffalo is

(a) 290 days (b) 270 days (c) 310 days (d) 330 days

**95.** Deficiency of which of the following trace mineral can cause anaemia ?

(a) Iron (b) Copper (c) Cobalt (d) All of these

**96.** For identification of animals, which method of branding is used ?

(a) Hot iron branding (b) Cold iron branding

(c) Chemical branding (d) All of the above

**97.** Outdoor exercise with exposure to sunlight provides which vitamin to the animals ?

(a) Vitamin-A (b) Vitamin-D (c) Vitamin-C (d) Vitamin-E

**98.** Cow should normally expect to expel placenta within following hours of parturition :

(a) 2 – 4 hours (b) 8 – 12 hours (c) 12 – 18 hours (d) 15 – 18 hours

**99.** Which of the following fodder is maintenance type of roughage ?

(a) Barseem (b) Jwar (c) Lucerne (d) Cow-pea

**100.** Calf starter ration is given to the Calf from the following age :

(a) $10^{th}$ day (b) $15^{th}$ day (c) $25^{th}$ day (d) $30^{th}$ day

**91.** निम्न में से नर जनन तंत्र का सहायक लैंगिक अंग कौन सा है ?

(a) मूत्रनली (b) शिश्न (c) प्रोस्टेट ग्रंथि (d) अधिवृषण

**92.** बहुत अच्छी श्रेणी के कच्चे दूध में जीवाणु संख्या प्रति मि.ली. कितनी होती है ?

(a) 2,00,000 से अधिक नहीं (b) 2,00,000 से 10,00,000 के बीच

(c) 10,00,000 से 50,00,000 के बीच (d) 50,00,000 से अधिक

**93.** गाय की किस नस्ल में मुड़े हुए छोटे पत्ते के समान लटके हुये लम्बे कान होते हैं ?

(a) गिर (b) साहीवाल (c) थारपारकर (d) देवनी

**94.** भैंस का औसत गर्भकाल कितना है ?

(a) 290 दिन (b) 270 दिन (c) 310 दिन (d) 330 दिन

**95.** निम्न में से किस सूक्ष्म खनिज की कमी से एनीमिया हो सकता है ?

(a) लोहा (b) ताँबा (c) कोबाल्ट (d) इन सभी

**96.** पशुओं की पहचान हेतु निम्न में से कौन सी दागने की विधि अपनाई जाती है ?

(a) गर्म लोहे से दागना (b) ठण्डे लोहे से दागना

(c) रासायनिक पदार्थों से दागना (d) उपरोक्त सभी

**97.** पशु आवास के बाहर, सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में व्यायाम करवाने से पशुओं को कौन सा विटामिन मिलता है ?

(a) विटामिन-A (b) विटामिन-D (c) विटामिन-C (d) विटामिन-E

**98.** सामान्यत: गाय को ब्याने के कितने घंटों बाद तक जेर को गिरा देना चाहिये ?

(a) 2-4 घंटे (b) 8-12 घंटे (c) 12-18 घंटे (d) 15-18 घंटे

**99.** निम्न में से कौन सा चारा जीवन–निर्वाह प्रकार का चारा है ?

(a) बरसीम (b) ज्वार (c) रिज़का (d) लोबिया

**100.** बछड़ों को काफ स्टार्टर आहार निम्न उम्र से दिया जाता है :

(a) 10वें दिन (b) 15वें दिन (c) 25वें दिन (d) 30वें दिन

———————

## Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह

CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL